कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
220, सिविल लाइन्स, मेरठ–250001
e-mail: ee_ist_upjn_mrt@yahoo.co.in

पत्रांक : 1070 / ग्रा०न० / 04 दिनांक : 18/03/2026

भ्रमण आख्या

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत उपलेहड़ा ग्राम पेयजल योजना के भ्रमण हेतु श्री सोमेन्द्र तोमर जी, माननीय विधायक एवं राज्यमंत्री ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 12.03.2026 को उक्त योजना का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थेः–

1. श्री अकांशु सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
2. श्री उमेश सिंह, सहायक अभियन्ता (खण्डान्तर्गत)।
3. श्री धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी जूनियर इंजीनियर (SWSM)।
4. श्री सुरेन्द्र कुमार स्वामी, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मै० पावर मैक प्रोजेक्ट्स–भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे०वी०)।
5. श्रीमती अजय, ग्राम प्रधान, ग्राम उपलेहड़ा, विकास खण्ड मेरठ, जिला मेरठ।

ग्राम उपलेहड़ा पेयजल योजनाः– विकास खण्ड मेरठ के ग्राम उपलेहड़ा पेयजल योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन है।

सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त योजना पर अवर जलाशय, नलकूप व पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल आदि के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, योजनान्तर्गत लगभग 4.52 कि०मी० वितरण प्रणाली बिछाने तथा 384 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं। भ्रमण के दौरान श्री सोमेन्द्र तोमर जी, माननीय विधायक एवं राज्यमंत्री ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामवासियों से वार्ता की गयी, जिस दौरान ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में पेयजल आपूर्ति सुबह व शाम 02–02 घण्टे नियमित रूप से हो रही है। श्री सोमेन्द्र तोमर जी, माननीय विधायक एवं राज्यमंत्री ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामवासियों को पानी की महत्वता को समझाते हुए पानी का दुरूपयोग न करने एवं पेयजल गृह संयोजन के रख–रखाव की जिम्मेदारी को समझें, हेतु कहा गया। माननीय विधायक जी द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत ग्राम में क्लोरीनेशन पेयजल आपूर्ति युक्त नियमित रूप से बनाये रखें। मा० विधायक जी द्वारा जलकल परिसर का भ्रमण भी किया गया जिस दौरान उन्हें क्लोरीनेशन, ऑटोमेशन तथा पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

अन्त में श्री सोमेन्द्र तोमर जी, माननीय विधायक एवं राज्यमंत्री ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार जी द्वारा पौधारोपण किया गया।



अधिशासी अभियन्ता

पृ० सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
3. जिलाधिकारी, मेरठ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
5. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मेरठ।

अधिशासी अभियन्ता

पृ० सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री उमेश सिंह, सहायक अभियन्ता/श्री हर्षवर्धन, जूनियर इंजीनियर।
2. मै० मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा०लि०, मेरठ (डी०पी०एम०यू०)।
3. मै० आरवी एसोसिएट्स, मेरठ (टी०पी०आई०)।
4. मै० पावर मैक प्रोजेक्ट्स–भूरत्नम कन्स्ट्रक्शन (जे०वी०), मेरठ को इस निर्देश के साथ कि मा० विधायक जी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner